







## खबर संक्षेप

### रोजगार मेला 11 को

**सीहोर।** जिला रोजगार कार्यालय द्वारा 11 नवंबर को सुबह 11 बजे से आष्टा जनपद पंचायत परिसर में युवा संगम रोजगार-स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेला आयोजित किया जाएगा। इस रोजगार मेले में निजी क्षेत्र की 15 कंपनियों द्वारा बैंक असिस्टेंट मैनेजर, सेल्स एग्जीक्यूटिव, फाइनेंस एडवाइजर, मशीन आपरेटर, पैकर्स, प्रमोटर, सिक्योरिटी गार्ड, अप्रेंटिसशिप, ऑपरेटर, फिटर, एसी मैकेनिक, मोटर वाइंडर, सीआरपी ऑपरेटर, यूटिलिटी फिटर, क्रेडिट कार्ड सेलर के 400 पदों पर भर्ती की जायेगी। इच्छुक आवेदक अपने सभी शैक्षणिक एवं अन्य मूल प्रमाणपत्रों के साथ जनपद पंचायत परिसर आष्टा में उपस्थित हो सकते हैं। इस अवसर पर जिला चिकित्सालय द्वारा राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत युवक/युवतियों का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया जाएगा एवं परामर्श प्रदान किया जाएगा।

### मैराथन दौड़ 9 को

**सीहोर।** रेडक्रॉस सोसाइटी एवं रोटरी क्लब द्वारा 9 नवंबर को सीहोर में मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया है। यह मैराथन दौड़ 9 नवंबर को प्रातः 7 बजे एसआर बिहार इंदौर नाका से प्रारंभ होगी और आवासीय ग्राउंड पर संपन्न होगी।

### सुबह के समय बाल विहार मैदान रोड पर लग रहा जाम

**सीहोर।** बाल विहार मैदान के पास वाली सड़क पर हर सुबह जाम लगने लगा है। मजदूर वर्ग के लोग यहां सुबह जमा होते हैं। निर्माण कार्यों के लिए लोग इन्हें लेने आते हैं। मजदूरी तय करने का काम सड़क पर ही होता है। इससे रास्ता बंद हो जाता है। वाहन चालकों को निकलना मुश्किल हो जाता है। लोग बाइक और चार पहिया वाहन भी सड़क पर खड़े कर देते हैं। इससे जाम और बढ़ जाता है।

पचामा निवासी 23 वर्षीय आकाश परमार का शव अमरोद स्थित आईएचबी फैक्ट्री में मिला, प्रकरण दर्ज पुलिस जांच में जुटी

# गैस फैक्ट्री के ऑपरेटर की संदिग्ध मौत, गले से लिपटा पाइप, पिता ने जताई हत्या की आशंका

पुलिस को पीएम रिपोर्ट का इंतजार, सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले जा रह

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



दोराहा थाना अंतर्गत अमरोद स्थित आईएचबी गैस फैक्ट्री में काम करने वाले 23 वर्षीय एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पचामा निवासी आकाश परमार पिता राकेश परमार जो फैक्ट्री में ऑपरेटर के पद पर कार्यरत था, उसका शव दो दिन पहले फैक्ट्री के अंदर मिला। यह मामला इसलिए और भी संदिग्ध हो गया है, क्योंकि मृतक के गले और प्राइवेट पार्ट से



लिपटा नजर आया। परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है और पुलिस से मामले की निष्पक्ष जांच करने की मांग की है।

मृतक आकाश परमार जो विमल परमार का भतीजा था। मृतक के पिता राकेश परमार ने सीधे तौर पर बेटे की हत्या का संदेह जताया है। उन्होंने बताया कि मेरे बेटे की किसी ने हत्या की है, जिस तरह से उसका शव मिला है, वह सामान्य नहीं है। हम चाहते हैं कि पुलिस जल्द से जल्द सही जांच करे और दोषियों को पकड़े।

दीवार कूदकर गए

### पुलिस खंगाल रही फुटेज

मामले की सूचना मिलते ही दोराहा थाना प्रभारी राजेश सिन्हा अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि घटना 3 तारीख की है। युवक का शव फैक्ट्री के अंदर मिला था। शव का पोस्टमार्टम भोपाल के हमीदिया अस्पताल में कराया गया है। पुलिस फिलहाल मौत के सही कारण का पता लगाने के लिए पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा कि यह आत्महत्या है या हत्या। टीआई सिन्हा ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं, ताकि घटना के समय की गतिविधियों का पता चल सके साथ ही मृतक का मोबाइल फोन जब्त किया गया है।

**अंदर, तो मिला शव :** बताया जा रहा है कि 3 नवंबर को सुबह जब दूसरी शिफ्ट का कर्मचारी आया और उसने दरवाजा खोलने के लिए आवाज लगाई, लेकिन अंदर से कोई आवाज नहीं आई। फोन भी लगाया गया, लेकिन आकाश ने नहीं उठाया। जिसके बाद साथी कर्मचारी ऊपर दीवार से चढ़कर अंदर गए, जहां उन्हें आकाश का शव पड़ा हुआ मिला। इसके बाद तत्काल पुलिस व परिजनों को सूचित किया गया।

# किसानों ने डांडिया नृत्य कर जताया आभार: चीफ इंजीनियर हटाए मुख्यमंत्री मोहन यादव ने रद्द किया 10 घंटे बिजली कटौती आदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

मध्य प्रदेश के किसानों की बिजली कटौती संबंधी चिंता समाप्त हो गई है। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने 10 घंटे से अधिक बिजली देने पर विभागीय अधिकारी-कर्मचारियों से वसूली के आदेश को रद्द कर दिया है। इस आदेश से किसानों में भारी असंतोष था, क्योंकि गेहूं की फसल के समय बिजली फाल्ट और कटौती के कारण उन्हें पहले ही पर्याप्त पानी नहीं मिल पा रहा था।

### बिजली कटौती से हो रही थी परेशानी

किसान एवं समाजसेवी एमएस मेवाड़ा ने बताया कि किसानों को निर्धारित 10 घंटे भी पूरी बिजली नहीं मिल पा रही थी। बार-बार फाल्ट होने से सिंचाई का समय कम हो जाता था, जिससे फसलों की सिंचाई पर संकट गहरा गया था। इस



मुद्दे पर खबरें प्रकाशित होने के बाद मुख्यमंत्री मोहन यादव ने तत्काल आदेश निरस्त कर दिया। मुख्यमंत्री ने विद्युत मंडल के चीफ इंजीनियर एके जैन को हटाने के भी निर्देश दिए। मुख्यमंत्री के इस निर्णय से किसानों में खुशी की लहर दौड़ गई।

### किसानों ने जताया आभार

सीहोर जिले के ग्राम चंदेरी के किसानों ने बरखेड़ी सब-स्टेशन पर एकत्र होकर किसान एवं समाजसेवी एमएस मेवाड़ा के नेतृत्व में आभार व्यक्त किया। किसानों ने डांडिया नृत्य कर मुख्यमंत्री मोहन यादव का धन्यवाद किया और अपनी राहत जताई। किसानों ने कहा कि मुख्यमंत्री ने सही समय पर उनकी आवाज सुनी और राहत प्रदान की। उन्होंने मुख्यमंत्री मोहन यादव को किसान हितैषी बताया।

# वंदे मातरम गीत की 150वीं वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित होंगे कार्यक्रम

## आज पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में आयोजित होगा कार्यक्रम

**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार वंदे मातरम् गीत की 150वीं वर्षगांठ के अवसर पर 07 नवंबर को सीहोर के पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में प्रातः 9:30 बजे जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर विद्यार्थियों, शिक्षकों, अधिकारी-कर्मचारियों और जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में सामूहिक रूप से वंदे मातरम् गीत का गायन किया जाएगा। जिला स्तरीय कार्यक्रम की तैयारियों के संबंध में कलेक्टर बालागुरु के. ने संबंधित अधिकारियों की ड्यूटी लगाई और कार्यक्रम की तैयारियों के संबंध में निर्देश दिए हैं। उल्लेखनीय है कि शासन द्वारा वंदे मातरम गीत के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित कराने के निर्देश दिए गए हैं। जारी आदेशानुसार वंदे मातरम् गीत के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 7 नवंबर 2025 से 7 नवंबर 2026 तक राज्यभर में वर्षभर चलने वाला विशेष आयोजन श्रृंखला संपन्न की जाएगी। इस अवधि में जिले के सभी शासकीय, अशासकीय, शैक्षणिक संस्थानों, महाविद्यालयों, ग्राम पंचायतों तथा नगरीय निकायों में देशभक्ति पर आधारित विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इन कार्यक्रमों में वंदे मातरम् गीत के सामूहिक गायन जैसी गतिविधियाँ शामिल रहेंगी।

जारी आदेश के अनुसार यह श्रृंखला विभिन्न 4 चरणों में आयोजित की जाएगी। पहला चरण 7 नवंबर से 14 नवंबर 2025 तक (शुभारंभ), दूसरा चरण 19 जनवरी से 26 जनवरी 2026 तक (गणतंत्र दिवस), तीसरा चरण 7 से 15 अगस्त 2026 तक (हर घर तिरंगा अभियान के साथ) तथा चौथा चरण 1 से 7 नवंबर 2026 तक (समापन सप्ताह) के रूप में संचालित किया जाएगा।

### सूदखोर ने धोखाधड़ी कर 6 लाख में हड़प ली 40 लाख रुपए कीमत की जमीन

सीहोर। पडियाला गांव की वृद्धा महिला से धोकाधड़ी कर 40 लाख रुपए कीमत की डेढ़ एकड़ जमीन सूदखौर के द्वारा साढे छ लाख रूपये में हड़पने का मामला सामने आया है। विरोध करने पर सूदखौर ने फरियादिया वृद्ध महिला के साथ मारपीट कर उनका हाथ भी तोड़ दिया। शातिर सूदखौर के द्वारा बड़ी जालसाजी कर जमीन की रजिस्ट्री करवाकर उस का नामांतरण भी करवा लिया है। गुरूवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर वृद्ध महिला ने धोकाधड़ी से डिप्टी कलेक्टर को आवेदन देकर अवगत कराया जिस के बाद डिप्टी कलेक्टर वंदना राजपूत ने आरोपी के खिलाफ



पुलिस को एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए है। फरियादिया कृष्णा बाई बेवा पति स्वर्गीय हेमराज मालवीय को इस धोकाधड़ी की जानकारी तब लगी जब उनके बैंक कृषि खाते में सोयाबीन फसल का मुआवजा नहीं आया और उन्होने ने अपने खसरे खतौनी को राजस्व पोर्टल पर चैक कराया जिस में उनकी जमीन पर भूमि मालिक के रूप में सूदखौर का नाम दर्ज पाया गया। विरोध करने पर सूदखौर ने फरियादिया वृद्ध महिला के साथ मारपीट कर उनका हाथ भी तोड़ दिया। परिजन अहमदपुर थाना रिपोर्ट दर्ज कराने पहुंचे तो पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करने से भी इंकार कर दिया। फरियादिया कृष्णा बाई ने बताया कि ग्राम पडियाला पम्पापुर के पास उनके नाम पर खसरा न. 359/1 रकबा 0.619 हैक्टयर भूमि राजस्व दस्तावेजों में दर्ज थी इस भूमि पर परिजनों के द्वारा कृषि कार्य किया जा रहा था। केसीसी का पैसा जमाकर ने लिए गांव के ब्याज पर पैसा देने वाले धर्मेन्द्र मेवाडा से भूमि गिरवी रखकर 6,00,000 शब्दों छः लाख रू. तीन साल के लिये दो प्रतिशत ब्याज पर लिए थे। धमेंद्र के द्वारा धोखाधडी कर तहसील ले जाकर राशि देने की लिखापढ़ी के नाम कुछ कागजों पर अंगूठा लगवा लिए अनपढ होने के कारण मुझे कुछ समझ नहीं आया। बाद पता चला की धमेंद्र ने मेरी जमीन अपनी माता सोरम बाई पति रमेशचंद्र मेवाडा के नाम पर करवा ली हैं।मेरी परिजनों के द्वारा इस विरोध करने पर 23/10/2025 की रात को धर्मेन्द्र ने 25 से अधिक अज्ञात लोगों के साथ मिलकर मेरी खडी फसल पर बख्खर निकाल दी और मेरे परिजनों और मेरी साथ मारपीट की गई जिस से मेरा हाथ टूट गया। फरियादिया कृष्णा बाई ने धर्मेन्द्र मेवाडा के खिलाफ सख्त कार्रवाही करते हुए मुकदमा दर्ज करने और रजिस्ट्री नामांतरण निरस्त कराने की मांग प्रशासन से की है।

# मतदाताओं को कोई परेशानी न हो : निदेशक शुभ्रा सक्सेना

**सीहोर।** भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली की निदेशक शुभ्रा सक्सेना ने सीहोर कलेक्ट्रेट सभाकक्ष एवं जिला पंचायत सभाकक्ष में बैठक आयोजित कर मतदाता सूची के शुद्धीकरण के लिये किए जा रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की तैयारियों और कार्यवाही की समीक्षा की। बैठक में उन्होंने मतदाता सूची को शुद्ध और त्रुटिरहित बनाने के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

बैठक में सुश्री सक्सेना ने कहा कि बीएलओ यह सुनिश्चित करें कि एसआईआर की कार्यवाही में मतदाताओं को कोई परेशानी न हो और सभी बीएलओ मतदाताओं का सहयोग करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि कोई भी पात्र मतदाता छूटे नहीं' और कोई अपात्र मतदाता सूची में शामिल न हो। उन्होंने कहा कि एसआईआर का उद्देश्य शुद्ध मतदाता सूची तैयार करना है। उन्होंने कहा कि एसआईआर की पूरी कार्यवाही पारदर्शिता के साथ की जाये। समय-समय पर राजनीतिक दलों के साथ बैठक आयोजित कर जानकारी दी जाए और बीएलए (बूथ लेवल एजेंट) का सहयोग भी लिया जाये। बैठक में उन्होंने आयोग के निर्देशानुसार मतदाता सूची को 2003 की मतदाता सूची से लिंक करने और जिनका नाम उस सूची में नहीं है, उन्हें वंशावली के मतदाताओं से लिंक करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि सभी बीएलओ को बेहतर प्रशिक्षण दिया जाए





और उन्हें एसआईआर की पूरी जानकारी होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि बीएलओ एप का प्रभावी उपयोग सुनिश्चित किया जाए तथा सभी मतदाताओं को गणना फार्म वितरित किए जाएं।

बैठक में कलेक्टर बालागुरू के. तथा अपर कलेक्टर वृंदावन सिंह ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले के सभी ईआरओ, एईआरओ तथा बीएलओ को प्रशिक्षण दिया जा चुका है। एसआईआर के लिए पर्याप्त संख्या में अधिकारी-कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। बीएलओ के सहयोग के लिये अन्य कर्मचारियों की भी ड्यूटी लगाई गई है। उन्होंने बताया कि जिले में 4 नवम्बर से एसआईआर कार्ययोजना के अनुसार कार्य प्रारंभ हो चुका है और यह कार्य पूरी पारदर्शिता एवं तत्परता से संपादित किया जा रहा है। बैठक में शुभ्रा सक्सेना ने ईआरओ, एईआरओ तथा बीएलओ से एसआईआर के कार्य में आने वाली कठिनाइयों के बारे में भी पूछा। सभी ने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों की विस्तृत जानकारी दी गई है जिससे कोई कठिनाई नहीं आ रही है। बैठक में उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुरभि तिवारी, सभी विधानसभा क्षेत्रों के एसडीएम एवं ईआरओ नितिन टाले, तन्मय वर्मा, दिनेश सिंह तोमर, स्वाति मिश्रा सहित सभी एईआरओ तथा बीएलओ उपस्थित थे।

जल जीवन मिशन व लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की गतिविधियों की समीक्षा बैठक

# कलेक्टर बोले-जिले की सभी पेयजल योजनाओं का संचालन अत्यधिक बेहतरीन ढंग से किया जाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

कलेक्टर श्री बालागुरू के. ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बैठक आयोजित कर जल जीवन मिशन एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यों एवं गतिविधियों की समीक्षा की। बैठक में उन्होंने विभागीय अधिकारियों को पेयजल आपूर्ति की व्यवस्थाओं को सुचारू एवं पारदर्शी ढंग से संचालित करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर बालागुरू के. ने कहा कि जिले की सभी पेयजल योजनाओं का संचालन बेहतर ढंग से किया जाए ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में जलापूर्ति में किसी भी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो। उन्होंने निर्देश दिए कि ग्राम पंचायतें उपभोक्ताओं से जलकर राशि का नियमित संग्रहण करें, जिससे योजनाओं के रखरखाव में कोई कठिनाई न हो। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि टिल्लू पंप अथवा अवैध रूप से





पेयजल कनेक्शन का उपयोग करने वाले उपभोक्ताओं के विरुद्ध कार्रवाई की जाए। जिन व्यक्तियों को पेयजल आपूर्ति के लिए नियुक्त किया गया है, वे उपभोक्ताओं से संग्रहित जलकर राशि को समय पर संबंधित पंचायत में जमा कराना सुनिश्चित करें। कलेक्टर बालागुरू के. ने कहा कि जो व्यक्ति या किसान पाइपलाइन को क्षति पहुंचाकर खेतों में सिंचाई कर रहे हैं, उनके विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई की जाए। साथ ही, जिन विभागों या एजेंसियों द्वारा अपने निर्माण या अन्य कार्यों के दौरान पाइपलाइन क्षतिग्रस्त की गई है, वे तत्काल उसकी मरम्मत कराएं। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि जिन परियोजनाओं पर कार्य प्रगतिरत है, उनमें गति लाई जाए, ताकि जनता को शीघ्र लाभ मिल सके। इसके साथ ही जो पेयजल परियोजनाएं पूर्ण हो चुकी हैं, उन्हें नियमानुसार संबंधित पंचायतों या संस्थाओं को हैंडओवर किया जाए।

उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन एक महत्वाकांक्षी योजना है, जिसका उद्देश्य प्रत्येक ग्रामीण घर तक शुद्ध पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित करना है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में जिला पंचायत सीईओ सर्जना यादव, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग कार्यपालन यंत्री प्रदीप सक्सेना, जल जीवन मिशन के उप महाप्रबंधक मो. जैनुल सहित, संबंधित सब इंजीनियर उपस्थित रहे।

# चाकू लहराकर बुजुर्ग को धमकाया आरोपी पर पहले से दर्ज हैं कई मामले



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

एक युवक द्वारा चाकू दिखाकर एक बुजुर्ग को धमकाने का वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में एक बाइक सवार युवक बुजुर्ग से अभद्रता करते हुए उसे चाकू से डराता दिख रहा है। जानकारी के अनुसार, आरोपी युवक आपराधिक प्रवृत्ति का है और उस पर विभिन्न थानों में मामले दर्ज हैं। इंदौर पुलिस भी इस युवक की तलाश कर रही है। इस वीडियो को लेकर आमजन में पुलिस की कार्यप्रणाली और कानून व्यवस्था पर सवाल उठाए जा रहे हैं। लोगों का कहना है कि दिनदहाड़े इस तरह की आपराधिक गतिविधियां चिंताजनक हैं।

थाना कोतवाली टीआई रविंद्र यादव ने बताया कि मामला उनके संज्ञान में आया है। हालांकि, पीड़ित पक्ष ने अभी तक थाने में शिकायत दर्ज नहीं कराई है। पुलिस वीडियो में दिख रहे युवक की तलाश कर रही है, जिसके खिलाफ कोतवाली में पहले भी मामले दर्ज हैं।

## खबर संक्षेप



### अतिया ओसाफ ग्लोबल एनसेएबिलिट अवार्ड से की गईं सम्मानित

**सीहोर।** देश की राजधानी नई दिल्ली में सीहोर की सामाजिक कार्यकर्ता बारियों शिक्षा समाज कल्याण समिति संचालक समाजसेवी अतिया ओसाफ को ग्लोबल एनसेएबिलिट अवार्ड से किया सम्मानित किया गया है। लगातार 14 सालों से अपनी समिति के माध्यम से जरूरतमंद विद्यार्थियों को शिक्षा सामग्री, नशा मुक्ति अभियान, निशुल्क विधिक सहायता के अलावा एक दर्जन से अधिक अभियानों के माध्यम से सेवा कार्य करने वाली देश की विशेष महिला का खिताब प्राप्त होने पर संस्कार मंच, श्रद्धा भक्ति सेवा समिति, सीहोर जनहित समिति सहित अन्य संगठनों ने अतिया औसफ को बधाई दी है।

समिति के संचालक अतिया ओसाफ ने बताया कि लोबल एनसेएबिलिट अवार्ड यह एक संगठन है जो विभिन्न क्षेत्रों में व्यक्तियों की सफलता और उपलब्धियों को मान्यता देता है। जहां हौंसला हिम्मत लग्न और विश्वास साथ हों उसे निस्वार्थ भावना से समाज में मानव सेवा कहते हैं उस की एक मिसाल हैं। बारियों शिक्षा समाज कल्याण समिति द्वारा निस्वार्थ भाव से मानव सेवा कार्य करते हुए संस्था द्वारा सामाजिक कार्यों की जितनी प्रशंसा करें कम लगती हैं जिस प्रकार से बिना किसी से आर्थिक सहायता लिए बिना अपने स्तर से ज़रूरत मंद महिलाओं को रोजगार शिक्षा न्याय एवं सम्मानित जीवन जीने योग्य बनाना एवं सुरक्षा भाव पैदा करने के लगातार प्रयास में सफलता प्राप्त करते हुए संस्था ने ग्लोबल सनसेएबिलिटी अवॉर्ड से भारत द्वारा चयनित होने पर हम सब को गौरवित किया गया हैं।

### सेटेलाइट से होगी खनिजों के अवैध उत्खनन की निगरानी

**सीहोर।** खनिजों के अवैध उत्खनन पर नियंत्रण के लिये सेटेलाइट (उपग्रह) आधारित खनन निगरानी प्रणाली विकसित की गयी है। प्रमुख सचिव खनिज ने सेटेलाइट (उपग्रह) आधारित खनन निगरानी प्रणाली को लागू किये जाने के संबंध में जिला कलेक्टर्स को आदेश जारी कर दिये हैं। प्रमुख सचिव खनिज ने बताया कि इस व्यवस्था के अंतर्गत प्रदेश की समस्त खदानों को जियो टैग किया गया है तथा इसे पॉयलेट प्रोजेक्ट के रूप में लागू किया गया है। विभाग द्वारा निर्मित पोर्टल पर क्लिक कर एक्सेस किया जा सकता है। इस पोर्टल से सेटेलाइट के माध्यम से अवैध उत्खनन की पहचान कर एलर्ट्स जारी किये जा रहे हैं, जिसे पोर्टल पर जिला कलेक्टर एवं जिला खनिज अधिकारी द्वारा लॉग इन कर देखा जा सकता है।

### साक्षी मेहरा ने पटवारी पर मारपीट का आरोप लगाया, मामले की जांच करने की मांग

# भाईयों के भूमि विवाद का पटवारी पर दबाव डाला, वीडियो वायरल

पटवारी अंतिम दुर्वे का कहना है कि पाँचौर निवासी किसान विष्णु मेहरा ने चार माह पहले खेत के नक्शे दुरुस्ती के लिए आवेदन दिया था।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरूंदा

भैरूंदा। शासकीय भूमि पर कब्जे को लेकर दो भाइयों के बीच चल रहा विवाद अब प्रशासनिक दफ्तर तक पहुँच गया है। मंगलवार को हल्का नंबर 45 के पटवारी अंतिम दुर्वे और किसान विष्णु मेहरा की बेटी साक्षी मेहरा के बीच हुई कहासुनी और कथित झूमा–झटकी का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होते ही मामला तूल पकड़ गया। वायरल वीडियो के बाद तहसील अधिकारियों ने जांच के आदेश दे दिए हैं।

### पटवारी का आरोप — मानसिक प्रताड़ना दी गई

पटवारी अंतिम दुर्वे का कहना है कि पाँचौर निवासी किसान विष्णु मेहरा ने चार माह पहले खेत के नक्शे दुरुस्ती के लिए आवेदन दिया था। उन्होंने बताया, "दो माह पहले ही फाइल लाड़कई कोट में संबंधित अधिकारी के समक्ष भेज दी थी। इसके बाद भी साक्षी मेहरा और उनके मामा सुरेश मेहरा लगातार फोन कर मानसिक रूप से दबाव बना रहे थे और प्रताड़ित कर रहे थे।"

**सोशल मीडिया पर दो वीडियो वायरल**



वायरल हुए पहले वीडियो में पटवारी साक्षी को समझाते नजर आ रहे हैं कि फाइल उनके पास नहीं है और कार्रवाई अधिकारी स्तर पर होनी है। वहीं दूसरे वीडियो में दोनों पक्षों के बीच झूमा–झटकी होते दिख रही है।

### पारिवारिक विवाद की पृष्ठभूमि

विष्णु मेहरा के भाई अर्जुन मेहरा ने बताया कि कब्ज़ा भूमि मेरे द्वारा वर्षों से जोती जा रही है। "हम पाँच भाई और माँ हैं। बड़े भाई पूर्व में भैरूंदा में रह रहे थे, अब गाँव आ गए हैं और तीन दशक से जोती जा रही जमीन में से आधी जमीन की मांग कर रहे हैं। भाई के हिस्से की जमीन का मामला पहले से कमिश्नर कार्यालय में विचाराधीन है, मेरी कब्जा की हुई भूमि पर मकान निर्माण शुरू कर दिया गया।" उन्होंने दावा किया कि विवाद के दौरान पटवारी पर भी दबाव बनाया गया, जिससे विवाद बढ़ा और झूमाझटकी की नौबत आई।



साक्षी मेहरा


अंतिम धुर्वे, पटवारी

### साक्षी मेहरा ने पटवारी पर मारपीट का आरोप लगाया

वहीं साक्षी मेहरा ने पिता विष्णु मेहरा और मामा सुरेश मेहरा के साथ भैरूंदा थाने पहुँचकर पटवारी के खिलाफ आवेदन दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि "नक्शा दुरुस्ती के लिए पहुँचने पर पटवारी ने अभद्रता की और मारपीट की।" साक्षी ने पटवारी पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

### अधिकारी बोले : जांच के बाद होगी कार्रवाई

तहसीलदार सौरभ शर्मा ने कहा कि सोशल मीडिया पर वीडियो सामने आया है। मामले की जांच की जा रही है और रिपोर्ट के आधार पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## पद्मश्री राजिंदर गुप्ता ने ली राज्यसभा सांसद की शपथ



**बुधनी।** ट्राइडेंट ग्रुप के चेयरमेन पद्मश्री राजिंदर गुप्ता ने पंजाब राज्य से निर्विरोध चुने जाने के बाद राज्यसभा सांसद की शपथ ली।

राजधानी दिल्ली में उपराष्ट्रपति एवं राज्यसभा के सभापति सीपी राधाकृष्णन ने उन्हें राज्यसभा संसद सदस्य की शपथ दिलाई पद्मा श्री राजिंदर गुप्ता ने अपनी मातृभाषा पंजाबी में शपथ ग्रहण की इस मौके पर उन्होंने कहा कि वह अपने अनुभव का उपयोग पंजाब राज्य के विकास,उद्योग और रोजगार के अधिक से अधिक अवसर प्रदान करने के लिए करेंगे उल्लेखनीय है कि पद्मश्री राजिंदर गुप्ता उद्योग जगत में एक प्रतिष्ठित नाम है।

### पूर्व नपाध्यक्ष राकेश राय ने किया सिख समाज के नगर कर्तिन का स्वागत



**सीहोर।** इस साल गुरु नानक देव जी का प्रकाश पर्व बड़ी श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। इस मौके पर सिख समाज ने शहर में भव्य नगर संकीर्तन जुलूस निकाला गया। इस मौके पर पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राकेश राय के नेतृत्व में शहर के गाड़ी अड्डे पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। गुरुद्वारा साहिब से हुई, जहां से पंज प्यारे की अगुवाई में श्रद्धालु नारे लगाते और भजन-कीर्तन करते हुए आगे बढ़े। जगह-जगह लोगों ने फूलों की वर्षा कर जुलूस का स्वागत किया।

जुलूस में सजे हुए रथों और झांकियों ने माहौल को भक्तिमय बना दिया। आगे पंच प्यारे ध्वजा लेकर चल रहे थे, जबकि गुरु नानक देव जी की तस्वीर को बड़ी श्रद्धा के साथ पालकी में निकाला गया। विशेष पालकी आकर्षण का केंद्र बनी रहीं। नगर के लोग मार्ग के दोनों ओर खड़े होकर 'बोले सो निहाल, सत श्री अकाल के जयकारों से पूरा वातावरण गुंजा रहे थे।

## प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में जिला-स्तरीय 3 दिवसीय युवा उत्सव का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, चंद्रशेखर आज़ाद शासकीय स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय, में दिनांक 6 नवंबर 2025 से तीन दिवसीय जिला-स्तरीय युवा उत्सव का शुभारंभ महाविद्यालय के नवीन कॉन्फ्रेंस हॉल में हुआ।

इसमें महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रोहिताश्व कुमार शर्मा, जिला सांस्कृतिक समन्वयक डॉ. कलिका डोलस, प्राचार्य कन्या महाविद्यालय डॉ. मंजरी अग्निहोत्री, तथा युवा उत्सव प्रभारी डॉ देवेंद्र वरवड़े की गरिमामय उपस्थिति रही।कार्यक्रम मे सीहोर जिले के शासकीय तथा अशासकीय महाविद्यालयों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्ण प्रतिभागिता की। युवा उत्सव के प्रथम दिवस पर वाद-विवाद, प्रश्न मंच और वक्तृता प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ रोहिताश्व कुमार शर्मा द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। तत्पश्चात प्राचार्य डॉ. रोहिताश्व कुमार शर्मा द्वारा स्वागत उद्बोधन प्रस्तुत किया गया जिसमें उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि महाविद्यालयीन जीवन केवल पठन-पाठन तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि विद्यार्थियों को विविध प्रतियोगिताओं एवं गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लेना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि किसी भी प्रतिस्पर्धा में जीतने से अधिक महत्वपूर्ण होता है भाग लेना तथा अनुभव प्राप्त करना जिससे स्वयं के व्यक्तित्व का विकास हो। शासकीय कन्या महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. मंजरी अग्निहोत्री ने भी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि इस प्रकार के सांस्कृतिक एवं साहित्यिक कार्यक्रम विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, निष्ठा और समर्पण की भावना का विकास करते हैं।

छात्राओं से आग्रह किया कि वे पूरे मनोयोग और समर्पण के साथ इन आयोजनों में भाग लेकर अपने प्रतिभा कौशल को निखारें।जिला सांस्कृतिक समन्वयक डॉ. कलिका डोलस ने अपने प्रेरक उद्बोधन में कला तथा साहित्य की महत्ता को रेखांकित करते हुए कहा कि इसके अभाव में जीवन संवेदना-शून्य पशु के समान है।

### कुबेरेश्वरधाम पर देव-दीपावली पर रोशन किया मंदिर परिसर, देर रात्रि पर श्रद्धालुओं ने किए दीप प्रज्जवलित



**सीहोर।** प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी जिला मुख्यालय के समीपस्थ प्रसिद्ध कुबेरेश्वरधाम पर देर रात्रि को हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं के द्वारा दीप प्रज्वलित किए गए। इस मौके पर विठलेश सेवा समिति की ओर से पंडित विनय मिश्रा, पंडित समीर शुक्ला सहित अन्य ने शाम को सुबह करीब दो क्विंटल मीठी बूंदी का भोग लगाया और भंडारे का आयोजन किया गया। समिति की ओर से मनोज दीक्षित मामा ने बताया कि कुबेरेश्वर धाम में देव-दीपावली कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर मनाई गई, जिसमें हजारों श्रद्धालु शामिल हुए। इस अवसर पर मंदिर परिसर को दीयों और रंग-बिरंगी रोशनी से रोशन किया गया, दीपदान किया गया और श्रद्धालुओं के लिए प्रसादी की व्यवस्था की गई। सजावटः मंदिर परिसर को रंग-बिरंगी रोशनी, दीपकों और रंगोलियों से सजाया गया। उन्होंने बताया कि विठलेश सेवा समिति द्वारा श्रद्धालुओं को भोजन प्रसादी वितरित की गई। वहीं मंगलवार की देर रात्रि को बैकुंठ चतुर्दशी के इस अवसर पर हरि-हर मिलन महोत्सव का आयोजन भी किया गया, जिसमें भगवान शिव और भगवान विष्णु के मिलन के साक्षी बने। छत्तीसगढ़ से आए धनु धमाल बैंड ने भी कार्यक्रम में हिस्सा लिया, साथ ही महाराणा प्रताप अखाड़े की कलाबाजी भी प्रस्तुत की गई। अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा ने स्वच्छता और आंतरिक प्रकाश बनाए रखने का संदेश दिया।

## जिला स्तरीय युवा उत्सव 2025-26 के तहत पोस्टर और कार्टूनिंग प्रतियोगिता का सफल आयोजन




**सीहोर।** शासकीय कन्या महाविद्यालय सीहोर में आज जिला स्तरीय युवा उत्सव 2025.26 कार्यक्रम के अंतर्गत पोस्टर प्रतियोगिता एवं कार्टूनिंग प्रतियोगिता का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में शासकीय कन्या महाविद्यालयए सीहोर तथा प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस चंद्रशेखर आज़ाद शासकीय स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालयए सीहोर के छात्र.छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभागिता की। कार्टूनिंग प्रतियोगिता का विषय था चुनावी वादे जिसमें प्रतिभागियों ने अपने सशक्त व्यंग्य एवं कलात्मक अभिव्यक्ति के माध्यम से जनचेतना का संदेश दिया। वहीं पोस्टर प्रतियोगिता का विषय था लिंगभेद जिसके माध्यम से प्रतिभागियों ने सामाजिक समानता और नारी सशक्तिकरण का प्रभावी चित्रण प्रस्तुत किया।

इन प्रतियोगिताओं की प्रभारी के रूप में नूरजहाँ हाश्मी ने अपनी कुशल देखरेख में सम्पूर्ण आयोजन को सुव्यवस्थित रूप से संपन्न कराया। कार्यक्रम की जिला समन्वयक के रूप में डॉ. कलिका डोलस ने आयोजन की। रूपरेखा एवं समन्वय का कार्य उत्कृष्ट रूप से निभाया। वहींए शासकीय कन्या महाविद्यालयए सीहोर की प्राचार्य डॉ. मंजरी अग्निहोत्री ने अपने प्रेरणादायी मार्गदर्शन एवं सतत प्रोत्साहन से विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। दोनों प्रतियोगिताओं में निर्णायक के रूप में शालीनी महेश्वरी एवं श्रीमती रितिका राठी ने निष्पक्षता एवं संवेदनशीलता के साथ अपनी भूमिका का निर्वहन करते हुए प्रतिभागियों के कार्यों का मूल्यांकन किया। प्रतियोगिता में प्रत्येक विधा में दो-दो प्रतिभागियों ने सहभागिता की। जिनके परिणाम इस प्रकार हैं। पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान नीरज भारती, मांगीलाल भारती पीएमश्री अग्रणी महाविद्यालय सीहोर, द्वितीय स्थान प्रियंका सोनी शासकीय कन्या महाविद्यालय सीहोर, कार्टूनिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान राशी पाटीदारशासकीय कन्या महाविद्यालय सीहोर, द्वितीय स्थान नीरज भारती पीएम श्री अग्रणी महाविद्यालय सीहोर रहे। कार्यक्रम के अंत में निर्णायकों एवं प्राचार्य द्वारा विजेता प्रतिभागियों को शुभकामनाएँ एवं भविष्य के लिए सफलता का आशीर्वाद प्रदान किया गया। इस अवसर पर संकाय सदस्य एवं छात्राएँ बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। इस आयोजन ने न केवल विद्यार्थियों की सृजनात्मक अभिव्यक्ति को मंच प्रदान कियाए बल्कि समाज में सकारात्मक सोच और संवेदनशील दृष्टिकोण विकसित करने का संदेश भी दिया।

### ग्राम पंचायतों में ग्राम सभा आयोजित करने के निर्देश

**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार जिपं सीईओ सर्जना यादव ने सिस्टमैटिक एंड एक्टिव मीटिंग्स इन विलेजेज टू एंड डेवलपमेंटश् पहल के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए सभी संबंधित अधिकारियों को जिले की सभी ग्रापं में ग्राम सभाओं का नियमित मासिक आयोजन कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने निर्देश दिए हैं कि कैलेंडर अनुसार निर्धारित दिवसों में ग्राम सभाओं का आयोजन किया जाए और ग्राम सभाओं में पंचायतीराज मंत्रालय द्वारा जारी निर्देशानुसार सभी गतिविधियां आयोजित की जाएं। ग्राम सभाएं आयोजित करने का उद्देश्य ग्राम स्तर पर पारदर्शिता, जनभागीदारी और जवाबदेही को सुदृढ़ करना है। जारी निर्देशानुसार ग्राम सभाओं का आयोजन करने का दायित्व ग्राम पंचायत के सरपंच तथा सचिव का रहेगा, जिसका पर्यवेक्षण जपं सीईओ एवं एसडीएम द्वारा किया जायेगा।

**राजस्थान और महाराष्ट्र के लोग शामिल होकर जीवनसाथी को चुनेंगे**

# निःशुल्क अभा अग्रवाल युवक-युवती परिचय सम्मेलन 28-29 दिसंबर को हरदा में होगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



हरदा में अग्रवाल समाज का 29 वां परिचय सम्मेलन 28 दिसंबर रविवार से शुरू होगा। जिसमें मध्यप्रदेश के अलावा राजस्थान और महाराष्ट्र के लोग भी शामिल होकर अपने जीवनसाथी को चुनेंगे।

अग्रवाल समाज के अध्यक्ष अधिवक्ता विनोद अग्रवाल ने बताया कि इस सम्मेलन का शुभारंभ रविवार सुबह 11 बजे सेठ हरिशंकर अग्रवाल मांगलिक भवन में किया जाएगा। आयोजन समिति के पदाधिकारी आज सीहोर अग्रवाल समाज के समाज जनों से भेंट कर उन्हें आगामी आयोजन में शामिल होने निमंत्रण दिया सर्वप्रथम भगवान अग्रसेन जी की जय घोष के साथ बैठक प्रारंभ हुई तब पक्ष आयोजन समिति के विनोद अग्रवाल निमिष गोयल डॉक्टर सीरीज अग्रवाल नितेश बंसल उमेश बंसल सिद्धार्थ बंसल राजकुमार अग्रवाल शाहिद अनेक लोगों ने अपने विचार व्यक्त करते हुए आयोजन को भव्य एवं गरिमा बनाने हेतु सभी को आमंत्रित किया अग्रवाल समाज के अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता समाजसेवी सोनू गोयल आशीष गुप्ता ने हरदा अग्रवाल समाज के समस्त पदाधिकारी का अंग वस्त्र पहनकर स्वागत किया और उन्हें भव्य और विशाल आयोजन इस सफलता के लिए अग्रिम शुभकामनाएं प्रेषित की। इस परिचय सम्मेलन के लिए मध्य प्रदेश के अलावा आसपास के कई राज्यों से हमें विवाह योग्य युव -युवतियों के बायोडाटा प्राप्त हुए हैं। अब तक करीब 800 से अधिक युवक-युवतियों के बायोडाटा आ चुके है। जिन्हें हमने सामान्य, मांगलिक व विशिष्ट श्रेणी के वर्गों में विभाजित कर युवक-युवतियों के सभी प्राप्त बायोडाटा को एक परिचय दर्शिका के माध्यम से संवारने का काम किया गया है। उन्होंने अग्रवाल समाज के सभी बंधुओं से इस परिचय सम्मेलन में सहभागिता करने का निवेदन किया है, कि विगत 28 वर्षों से लगातार बिना कोई अंतराल किए समाज द्वारा या यह रचनात्मक कार्य किया जा रहा है। परिचय सम्मेलन की इस व्यवस्था को सुचारु रूप से बनाने के लिए विभिन्ना समितियों के माध्यम से अग्रवाल समाज हरदा के सम्मानित सदस्य विगत एक माह से अपना समय प्रदान कर रहे हैं। इस अवसर पर प्रमुख रूप सेनंद गोपाल मोदी अशोक गोयल नरेश गोयल दीपक गोयल अजय अग्रवाल माताजी अग्रवाल उपस्थित रहे। श्री गुप्ता ने बताया कि परिचय सम्मेलन के निःशुल्क फार्म अग्रवाल समाज के अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता, सोनु गोयल, आशीष गुप्ता से प्राप्त कर सकते हैं।

समाज के राजकुमार अग्रवाल ने बताया कि अग्रवाल समाज हरदा द्वारा वर्ष 1996 से लगातर यह परिचय सम्मेलन किया गया है। जिसमें हजारों संबंध तय हुए है।

उन्होंने बताया कि दो दिवसीय परिचय सम्मेलन में करीब 5 हजार लोगों के आने की उम्मीद है।समाज ने बाहर से आने वाले अतिथियों के ठहरने ओर भोजन आदि की व्यवस्था की है।

## रायसेन की लगातार दूसरी हार, विदिशा ने 124 रन के विशाल अंतर से किया पराजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



शहर के चर्च मैदान पर भोपाल क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वाधान में खेली जा रही जिला स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता के दूसरे दिन लगातार रायसेन को दूसरी हार का सामना करना पड़ा इस मैच में विदिशा की दिग्गज टीम ने रायसेन टीम को 124 रन के विशाल अंतर से हराया। इस मैच में मृत्युजंय ने 84 गेंद पर 96 रन की विस्फोटक पारी खेली, इसके अलावा टीम के ही अन्य प्रतिभाशाली खिलाड़ी कार्तिकेय ने 59 गेंद पर 78 रन बनाए। इस मौके पर इस मैच के पर्यवेक्षक अतुल तिवारी, एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष वीरु वर्मा, मैच के निर्णायक नागेन्द्र व्यास, विदिशा टीम के पर्यवेक्षक गुंजन सक्सेना, मनोज दीक्षित मामा, धर्मेन्द्र माहेश्वरी, मदन कुशवाहा, आयुष गुप्ता आदि ने शानदार पारी खेलने वाले मृत्युजंय, कार्तिकय का उत्साहवर्धन किया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी विदिशा टीम ने नौ विकेट खोकर 40 ओवर में 244 रन बनाए थे। इसमें मृत्युजंय ने 96 रन, कार्तिकेय ने 78 रन की पारी खेली।

वहीं रायसेन की ओर से गेंदबाजी करते जोयंत-मिजवा ने तीन-तीन विकेट हासिल किए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी रायसेन की टीम विदिशा टीम की घातक गेंदबाजी से मात्र 33 ओवर में 120 रन पर ढेर हो गई। इसमें कार्तिक ने 44 रन बनाए। इधर विदिशा टीम की ओर से कार्तिकेय अग्रवाल ने चार विकेट और देव ने तीन विकेट हासिल किए थे।

### आज सीहोर-विदिशा के मध्य खेला जाएगा मुकाबला

डीसीए के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि शुक्रवार को सुबह नौ बजे सीहोर-विदिशा के मध्य मुकाबला खेला जाएगा। दोनों ही टीम ने रायसेन को विशाल अंतर से हराया।

### सांची दुग्ध संघ की चलित टेस्टिंग लैब को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

# दूध का दूध, पानी का पानी अभियान के तहत होगी मिलावट की जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़



सांची दुग्ध संघ भोपाल द्वारा 'दूध का दूध-पानी का पानी' अभियान के तहत चलित टेस्टिंग लैब को कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा व विधायक अमर सिंह यादव ने कलेक्ट्रेट परिसर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह अभियान 6 नवंबर से 16 नवंबर तक आयोजित किया जाएगा। आवश्यकता पड़ने पर इसकी अवधि बढ़ाई जा सकती है।

इस अभियान में आमजन सांची तथा अन्य ब्रांड एवं खुले दूध व उत्पादों का निशुल्क परीक्षण अपने समक्ष करा सकते हैं। उपभोक्ताओं द्वारा नियमित रूप से उपयोग में लिए जाने वाले सांची तथा अन्य ब्रांड तथा खुले दूध के खाद्य पदार्थ जैसे दूध, घी, पनीर एवं दही इत्यादि का परीक्षण उपभोक्ताओं के समक्ष किया जाएगा। इन जांचों में दूध में फैट, एसएनएफ, प्रोटीन, लैक्टोज, पानी, यूरिया, सुक्रोज, ग्लूकोस, नमक, स्टार्च, न्यूट्रलाइज, वेजिटेबल ऑयल तथा अमोनियम सल्फेट के मिलावट की जांच की जाएगी। इसके साथ ही पनीर में स्टार्च व दही में स्टार्च सहित ग्लूकोज, सुक्रोज, यूरिया एवं माल्टोज की मिलावट का परीक्षण किया जाएगा। इसी तरह घी की प्रारंभिक गुणवत्ता की जानकारी भी तत्समय ही उपभोक्ताओं को दी जाएगी तथा मिलावट मिलने पर इसकी विस्तृत जानकारी 48 घंटे के अंदर वाट्सएप के माध्यम से संबंधित उपभोक्ता को दी जाएगी।

#### 6 नवंबर से ब्यावरा में होगी टेस्टिंग

अभियान के प्रथम चरण में 6 से 09 नवम्बर को ब्यावरा में शिव धाम सोसाइटी, नीम चौराहा, गांधी चौक, मेन मार्केट, अपना नगर कॉलोनी, जगत चौक, जैन मंदिर के पास टेस्टिंग की जाएगी। इसी तरह आगामी तिथियों में यह अभियान राजगढ़ के तिलक मार्ग, इंदिरा कॉलोनी, भंवर कॉलोनी तथा बिरजीपुरा में आयोजित होगा। इस अवसर पर सुश्री निधि सिंह राजपूत प्रभारी (ग्रामीण विपणन) भोपाल दुग्ध संघ सहित विभागीय अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

### पुलिस लाइन में आयोजित किया गया प्रशिक्षण कार्यक्रम

# डायल-112 के चालकों का हुआ ड्राइविंग टेस्ट, सीपीआर का भी प्रशिक्षण दिया



**राजगढ़।** पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा जिले को डायल 112 के नवीन 22 वाहनों का आवंटन किया गया है। डायल 112 के माध्यम से जिले में आपातकालीन स्थितियों में त्वरित सहायता एवं समस्याओं के समाधान हेतु यह वाहन निरंतर सक्रिय रहते हैं। इन्हीं डायल-112 वाहनों के चालकों हेतु ड्राइविंग टेस्ट एवं प्रशिक्षण का कार्यक्रम बुधवार को पुलिस लाइन में आयोजित किया गया। कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी के मार्गदर्शन में हुए प्रशिक्षण में कुल 88 पायलट चालक सम्मिलित हुए। प्रशिक्षण के दौरान चालकों को वाहन संचालन के मानक मापदंडों, वाहन के विभिन्न पार्ट्स, इंजन की तकनीकी जानकारी एवं संचालन के दौरान उत्पन्न समस्याओं के त्वरित समाधान के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। राजगढ़ पुलिस का यह प्रयास त्वरित सहायता सेवाओं की गुणवत्ता बढ़ाने तथा आमजन को आपात स्थिति में बेहतर सेवा उपलब्ध कराने की दिशा में एक सराहनीय कदम है।

#### चिकित्सकों ने बताया कैसे दी जाती है सीपीआर

साथ ही जिला चिकित्सालय राजगढ़ की मेडिकल टीम द्वारा चालकों को दुर्घटना की स्थिति में घायल व्यक्ति को प्राथमिक उपचार एवं सीपीआर देने का व्यावहारिक प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया। कार्यक्रम के दौरान "गोल्डन अवर" के महत्व पर विशेष बल दिया गया। इस अवसर पर निश्चेतना विशेषज्ञ डॉ. बृजेश वर्मा एवं चिकित्सा विशेषज्ञ डॉ. योगेन्द्र उपस्थित रहे। कार्यक्रम के संचालन में रक्षित निरीक्षक उर्मिला चौहान, निरीक्षक संजय ठाकुर सहित समस्त पुलिस स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा।

# ठगी के आरोपियों को पुलिस ने दबोचा



**कुरावर।** विगत दिनों नगर में बुजुर्ग पेंशनधारी माटसाहब से हुई ठगी के आरोपियों को कुरावर पुलिस ने 48 घंटे में खोज कर गिरफ्तार कर लिया है। इसका खुलासा बुधवार शाम 4:30 पर नरसिंहगढ एसडीओपी मिनी शुक्ला ने कुरावर थाना परिसर में किया। उल्लेखनीय है कि 01 नवम्बर को फरियादी बाबूलाल शर्मा उम्र 90 वर्ष बैंक ऑफ इंडिया से पेंशन के 59000 रुपए निकाल कर अपने घर जा रहे थे। रास्ते में मोटरसाइकिल से 2 व्यक्ति आए और धोखाधड़ी कर 50000 रुपए ठगकर ले गए। फरियादी की रिपोर्ट पर थाना कुरावर में अपराध क्रमांक 393/25, धारा 318(4), 3 (5) बीएनएस का पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। पुलिस टीम द्वारा तकनीकी मदद से आरोपी गोकुल पिता कुमेर सिंह राजपूत उम्र 60 वर्ष निवासी ग्राम साकतखेड़ी थाना सलसली जिला शाजापुर से तथा दूसरे आरोपी राजेंद्र पिता मांगीलाल राजपूत उम्र 32 वर्ष निवासी कारोड़िया थाना मकड़ोन जिला उज्जैन से 3 नवंबर को गिरफ्तार कर पुलिस रिमांड पर लिया तथा धोखाधड़ी कर ठगकर ले गए 50000 रुपए सहित घटना में प्रयोग कि गई बाइक को भी जप्त किया तथा आरोपी को न्यायालय में पेश कर वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। इस पूरे प्रकरण के खुलासे में थाना निरीक्षक जितेंद्र सिंह मावई, उप निरीक्षक अरविंद सिंह राजपूत, प्रधान आरक्षक राहुल कारपेंटर, आरक्षक मुकेश मीणा एवं सायबर सेल प्रधान आरक्षक शशांक व आरक्षक पवन की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# मरीज और डॉक्टर के बीच हुई कहासुनी, डॉक्टर से की मारपीट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खुजनेर



सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खुजनेर में बुधवार को डॉक्टर और मरीज के बीच हाथापाई का मामला सामने आया। जिसमें खुजनेर हॉस्पिटल में पदस्य डॉक्टर विशाल सिसोदिया के साथ मरीज के परिजनों द्वारा मारपीट की गई। बताया जा रहा मरीज के परिजन स्वास्थ्य केंद्र में एडमिट पेशेंट पायल वर्मा से मिलने पहुंचे थे। इसी दौरान डॉ विशाल सिसोदिया राउंड पर गए थे उसी समय कहासुनी शुरू हुई जो मारपीट तक पहुंच गई। दोनों पक्षों ने खुजनेर थाने में पहुंच मामला दर्ज कराया है। डॉ विशाल ने बताया दो बजे के लगभग एक पेशेंट भर्ती थी श्यामा गौर को देखने गया था उसी वार्ड में एक पेशेंट पायल वर्मा भी भर्ती थे उनके परिजनों की काफी भीड़ भाड़ थी। जब महिला वार्ड से पुरुष को बहार निकलने का कहा गया तो मरीज के परिजन बोले हम हमारे मरीज के साथ ही रहेंगे। मैने बोला महिला वार्ड में पुरुष का आना प्रतिबंध है जिसके बाद मेरा वीडियो बनाने लगे। मैने मना किया तो मेरे साथ मारपीट शुरू कर दी गई ओर सिर में पीछे से स्टील के ग्लास मार दी जिसके बाद में बेहोश हो गया। उसके बाद मेरे स्टाफ द्वारा मेरा बचाव किया बाद में पुलिस ने मौके पर पहुंच मामले को शांत करवाया गया वहीं थाना प्रभारी शिवचरण यादव द्वारा बताया गया कि मरीज बोडा सेदरा की थी जिनकी मंगलवार को डिलेवरी हुई थी जिनके परिजन मिलने पहुंचे थे परिजन द्वारा भीड़ भाड़ की जा रही थी उसको लेकर कहासुनी दौरान डॉ के साथ मारपीट हुई है जिसमे सतीश मेघवाल पिता दिनेश मेघवाल सचिन मेघवाल पिता दिनेश मेघवाल दिनेश मेघवाल पिता भंवरलाल मेघवाल सेदरी बोडा पर शासकीय कार्य में बाधा डालने सहित अन्य धाराओं पर मामला दर्ज किया गया है।

# पुलिस ने कर्तव्य के साथ मानवता दिखाकर युवक की जान बचाई

**कुरावर।** पुलिस अधीक्षक राजगढ द्वारा अपराध नियंत्रण के लिए जिले भर में वारंटी सर्च अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें पुलिस द्वारा कई वारंटियों व अपराधियों को पकड़ा गया। इसी कड़ी में एसडीओपी नरसिंहगढ़ मिनी शुक्ला (भापुसे) द्वार एएसआई संजय झा, एएसआई शशिकांत दुबे, आरक्षक चंद्रभान, आरक्षक विष्णुप्रसाद दांगी व सेनिक राजू कुशवाह थाना बोड़ा से वारंटियों की धर पकड़ कर वापस लौट रहे थे तभी सुबह 8 बजे कोटरीकला से झाडला के बीच रेलवे के निर्माणाधीन अंडर पुल के पास दुर्घटना में घायल एक व्यक्ति गंभीर अवस्था में पड़ा देखकर उक्त पुलिसकर्मियों ने वहीं रूक कर थाना प्रभारी कुरावर को सूचित किया तथा 108 वाहन को सूचना कर घायल के परिजनों को सूचना पहुंचाई तथा 108 एम्बुलेंस के आने तक वहीं रूककर घायल आत्माराम वर्मा निवासी विसारथी को थाना कुरावर को त्वरित कार्यवाही कर अस्पताल रवाना किया तथा घायल व्यक्ति की जान बचाने में मदद की। दुर्घटना में घायल आत्माराम के परिजन व ग्रामवासियों ने पुलिस को धन्यवाद दिया।

# जिला अधिवेशन में प्रदेश एवं संभाग स्तर के वरिष्ठ पदाधिकारियों की रही उपस्थिति



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

अधिवेशन के दौरान प्रदेश से मनोनीत जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा सर्वसम्मति से राज्य कर्मचारी संघ जिला राजगढ़ अध्यक्ष पद पर नागेंद्र सिंह गुर्जर को मनोनीत किया गया। जिला सचिव यशवंत यादव, जिला कोषाध्यक्ष प्रमोद सक्सेना, जिला संगठन मंत्री फूल सिंह वर्मा, 10 उपाध्यक्ष, 5 सह सचिव, मीडिया प्रभारी, प्रचार मंत्री आदि पदों पर नियुक्त किये गए। साथ ही जिले की जिला कार्यकारिणी, तहसील कार्यकारिणी एवं विकासखंड कार्यकारिणी की घोषणा भी विधिपूर्वक की गई। कार्यक्रम का संचालन अशोक यादव द्वारा प्रभावपूर्ण तरीके से किया गया। अंत में आभार प्रदर्शन ब्यावरा विकासखंड अध्यक्ष सी.एल. द्वारा किया गया। अधिवेशन के उपरांत सभी कार्यकर्ताओं एवं अतिथियों के सहभोज के साथ कार्यक्रम का शालीनतापूर्वक समापन किया गया।

### कैरम खिलाड़ी कैलाशचंद शर्मा का 70 वर्ष की उम्र में निधन

**कुरावर।** नगर में मंगलवार शाम शोक की लहर दौड़ गई, जब यह खबर मिली कि नगर के सर्वश्रेष्ठ कैरम खिलाड़ी एवं व्यवसायी कैलाशचंद शर्मा का 70 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वे पिछले कई दिनों से लंबी बीमारी से जूझ रहे थे। कैलाशचंद शर्मा न केवल एक उत्कृष्ट कैरम खिलाड़ी थे, बल्कि क्रिकेट की दुनिया में भी उन्होंने अंपायर के रूप में अपनी अलग पहचान बनाई थी। उनके खेल कौशल के बारे में कहा जाता था कि जब वे केरम खेलते थे, तो एक बार उनके हाथ में स्ट्राइकर आ जाने के बाद विपक्षी खिलाड़ी की हार लगभग तय हो जाती थी। वे धार्मिक और समाजसेवी स्वभाव के व्यक्ति थे। उनकी अंतिम यात्रा बुधवार सुबह 10 बजे उनके निज निवास से निकली, जिसमें बड़ी संख्या में नगरवासी शामिल हुए। उन्हें मुखाग्नि उनके पुत्र रोहित, गिरीश और रितेश ने दी। नगरवासियों ने उनकी अंतिम यात्रा में शामिल होकर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की।



# महर्षि पब्लिक हायर सेकंडरी स्कूल में ऑपरेशन मुस्कान कार्यक्रम का किया गया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर



कार्यक्रम में बताया की वर्तमान समय में बालिकाओं से होने वाली छेड़खानी, टच अप जैसी जानकारी अपने माता-पिता को तुरंत शेयर करना चाहिए। क्योंकि समय अनुसार हर अपराध के पीछे शुरुआती छोटे मामले होते हैं जो हमारे परेशानी का कारण बनते हैं। जैसे आजकल जो मामले लड़के और लड़कियों के भागने पर आते हैं तो यह इसी कारण होता है कि कोई लड़का लड़की शुरू में बहला फुसला कर बातें करता है और फिर बाद में दबाव बनाकर लड़की को ले जाता है। बच्चों को मार्गदर्शी करते हुए कहा कि हमारा लक्ष्य होना चाहिए कि हमें आगे क्या करना है हम पढ़ाई क्यों कर रहे हैं हमें अपने माता-पिता की आर्थिक स्थिति को देखते हुए पढ़ाई करना चाहिए। अधिकांश परिवार खेत किसानी का काम करते हैं या अधिकारी अपने ऑफिस का दिन भर काम करते हैं , अगर किसी बच्चों के माता-पिता उनका समय नहीं दे पाए तो उनके बारे में कभी गलत नहीं सोचना चाहिए और वह जो भी कर रहे हैं वह अपने बच्चों के लिए करते हैं। यातायात संबंधित जानकारी बच्चों को बताई पैदल या वाहन चलाते समय आवागमन का पुरा ध्यान रखें। जिससे आने वाले वाहन या कोई घटना से बचा जा सके।नशा मुक्ति के बारे में भी बताया अगर किसी के परिवार में कोई नशा करता है और नशे की आदत छुड़ा सकते हैं।

### मुख्य मार्ग पर लगा जाम, महिलाएं हुई परेशान

# संत शिरोमणि नामदेव महाराज की जयंती पर निकली शोभायात्रा



**नरसिंहगढ़।** संत शिरोमणि नामदेव महाराज की जयंती के उपलक्ष्य नामदेव दर्जी समाज द्वारा सोमवार को नगर में शोभायात्रा निकाली गई। दोपहर एक बजे थावरिया स्थित चापावन्त मंदिर से पूजा-अर्चना के बाद शोभायात्रा प्रारंभ की गई। जो नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए पुनः मंदिर पहुंची जहाँ विधिवत शोभा यात्रा का समापन किया गया। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में समाजजन शामिल हुए। इस दौरान महिलाओं ने पारंपरिक मंगल गीत गाए, वहीं पुरुषों और बच्चों ने जमकर जयकारे भी लगाए। इस दौरान समाज बंधुओं ने संत नामदेव की आकर्षक झांकी भी सजाई जो नगर वासियों के आकर्षण का केंद्र रही। समापन अवसर पर मंदिर में पूजन तथा प्रसादी वितरण किया गया। समाज बंधुओं ने सन्त नामदेव जी के आदर्शों पर चलकर सामाजिक एकजुटता और सद्भाव बनाए रखने का संकल्प दोहराया।

# गुरुनानक देव महाराज के प्रकाश पर्व पर कीर्तन दीवान व लंगर का आयोजन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा



सिख धर्म के प्रथम गुरु गुरुनानक देव महाराज के प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में राजगढ़ रोड स्थित गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा में श्रद्धा और उत्साहपूर्वक आयोजन किया गया। इस अवसर पर विशेष कीर्तन दीवान सजाया गया, जिसमें दिल्ली से पधारे प्रसिद्ध रागी भाई राम सिंह ने मधुर शबद कीर्तन कर संगत को निहाल किया। कीर्तन उपरांत गुरु का अटूट लंगर वर्ताया गया, जिसमें तीन हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने प्रेमपूर्वक भोजन प्रसादी ग्रहण की। सभी को वाहेगुरु सिमरन करते हुए प्रसाद वितरित किया गया।

गुरुनानक देव महाराज के प्रकाश पर्व पर राजगढ़ रोड का नाम बदलकर "गुरु नानक मार्ग" रखने की घोषणा'इस अवसर पर विशेष कीर्तन दीवान, अरदास एवं लंगर का आयोजन किया गया, जिसमें भारी संख्या में संगत ने भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पधारे राज्यमंत्री नारायण सिंह पंवार ने सरबत दा भला की अरदास की और घोषणा की कि राजगढ़ रोड का नाम बदलकर "गुरु नानक मार्ग" रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि सभी आधिकारिक प्रक्रियाएं पूर्ण होने के बाद इस मार्ग का नाम औपचारिक रूप से बदल दिया जाएगा। राज्यमंत्री पंवार ने संगत को गुरु नानक देव जी के जीवन की महानता और उनके उपदेशों पर प्रकाश डालते हुए सभी को प्रकाश पर्व की शुभकामनाएं दीं।

इस अवसर पर मध्यप्रदेश कार्यकारिणी सदस्य मोना सुस्तानी ने भी सभी को हार्दिक शुभकामनाएं दीं। वहीं, पूर्व विधायक रघुनंदन शर्मा जी ने गुरुद्वारे में माथा टेककर की अरदास। पूरे कार्यक्रम में श्रद्धा, भक्ति और भाईचारे का वातावरण रहा। संगत ने बड़े हर्षोल्लास और उत्साह के साथ गुरु नानक देव महाराज का प्रकाश पर्व मनाया।

### श्री सत्यनारायण मंदिर में अन्नकूट महोत्सव, श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी

**नरसिंहगढ़।** नगर के प्राचीन रियासत कालीन श्री सत्यनारायण मंदिर में सोमवार शाम को भक्तिभाव और उत्साह के साथ अन्नकूट महोत्सव का आयोजन किया गया। सुबह से ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। महोत्सव के अवसर पर मंदिर को आकर्षक विद्युत सजावट से सजाया गया। गर्भगृह को पुष्पों से अलंकृत किया गय। मंदिर पुजारी हर्षित वैष्णव ने देव प्रतिमाओं का विशेष श्रृंगार किया। शाम के समय विधि-विधान से भव्य महाआरती सम्पन्न हुई, जिसके दौरान परिसर भवन सत्यनारायण के जयकारों से गूंज उठा। धार्मिक अनुष्ठान के बाद महाप्रसादी वितरण हुआ, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान मंदिर में आयोजित भजन संध्या में गायक कलाकारों ने एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुतियां दी उल्लेखनीय है की प्रसिद्ध सत्यनारायण मंदिर में वर्षभर धार्मिक आयोजनों का दौर चलता रहता है।

### नदी में कूदी महिला, होमगार्ड जवानों की सूझबूझ से बची जान

**विदिशा।** मंगलवार को बेतवा नदी के बड़े पुल पर उस समय अफरा-तफरी मच गई जब एक महिला ने पारिवारिक विवाद के चलते आत्महत्या का प्रयास किया। रंगियापुरा मोहल्ला निवासी 38 वर्षीय महिला पुल की रेलिंग पर चढ़ गई, तभी घाट पर तैनात होमगार्ड जवान वीरेंद्र रघुवंशी और दशरथ सिंह राजपूत ने तत्काल कार्रवाई करते हुए उसे बचा लिया। जवानों ने बातचीत से ध्यान भटकाया और सुरक्षित नीचे उतारा। बताया गया कि पारिवारिक कलह और पति के नशे की लत से परेशान होकर महिला घर से बिना चप्पल-गहनों के निकल गई थी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और महिला को सुरक्षित थाने ले जाया गया। होमगार्ड जवानों के इस मानवीय कार्य की स्थानीय नागरिकों ने प्रशंसा की है।

**खबर संक्षेप**

### राम जानकी मंदिर में हुआ अन्नकूट महोत्सव



**सीहोर।** शहर के छावनी बग्गी खाने स्थित प्राचीन श्रीराम जानकी मंदिर में शर्मा परिवार के सहयोग से करीब 150 सालों से अन्नकूट महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस मौके पर सायं 7:30 बजे मंदिर परिसर में भगवान के समक्ष 56 भोग लगाकर आरती के पश्चात भोजन प्रसादी का वितरण किया गया। इस मौके पर भागवत भूषण कथा वाचक पंडित अभिषेक भारद्वाज ने कहा कि पूर्वजों की परम्परा के अनुसार विगत करीब 150 सालों से कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर यहां पर विधि-विधान से अन्नकूट महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। देव दिवाली यानी देवताओं की दीपावली। इस दिन भगवान शिव ने त्रिपुरासुर नामक दैत्य का वध किया था। इसके बाद सभी देवताओं ने धरती पर आकर दीपक जलाएं थे। देव दिवाली पर स्नान करके दीपक जलाने से सभी देवताओं का आशीर्वाद प्राप्त होता है साथ ही माता लक्ष्मी की कृपा से कभी भी धन धान्य की कमी नहीं होती है। इस दिन वैसे को गंगा के किनारे जाकर दीप दान करना चाहिए। यदि आप ऐसा नहीं कर पा रहे हैं तो अपने घर पर ही 5 स्थानों पर दीप जरूर जलाएं।

### युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष निर्वाचित हुए देवेंद्र सिंह ठाकुर

**सीहोर।** बीते माह जुलाई में युवा कांग्रेस के चुनाव आयोजित किए गए थे। जिसमें प्रदेश से लेकर ब्लॉक स्तर तक की कार्यकारिणी निर्वाचित हुई उसमें सीहोर से देवेंद्र सिंह ठाकुर बोरदी जिला अध्यक्ष निर्वाचित हुवे जिला अध्यक्ष पद के लिए सीहोर जिले से चार प्रत्याशी मैदान में थे। जिसमें देवेंद्र सिंह ठाकुर बोरदी को 6773, संदीप सिंह ठाकुर हाजीपुर 4633, मनीष मेवाड़ा को 3882, अभिलाषा धुर्वे 73 युवाओं के वोट प्राप्त हुए। सभी प्रत्याशियों में देवेंद्र सिंह ठाकुर बोरदी 2140 वोट से युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष पद पर निर्वाचित हुए।

### चातुर्मास समापन पर जैन श्वेताम्बर साध्वीमंडल का नगर से विहार संपन्न

# सभी अपने मन को वन नहीं, उपवन और तपोवन बनाएं: साध्वीवर्या नम्रव्रता श्रीजी

चातुर्मास के लिए विराजित साध्वीवर्या नम्रव्रता श्रीजी म.सा. नें अपने अंतिम चातुर्मासिक पर दिए प्रवचन।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



मन को वन नहीं उपवन या तपोवन बनाना है क्योंकि वन तो जंगल होता है जहां जंगल का कानून चलता है कोई अनुशासन नहीं होता है। जबकि उपवन को नियंत्रित करते हुये सजाया जाता है इसलिये मन को उपवन बनाना है वन नहीं और यदि मन तपोवन बन जाये तो क्या ही बात है। जहां संयम है, अनुशासन है, स्वयं पर नियंत्रण है वहीं मानव की मानव होने की सार्थकता है मानव की जीत है। उक्त उद्गार नगर में चातुर्मास हेतु विराजित प.पू. साध्वीवर्या नम्रव्रता श्रीजी म.सा. नें अपने इस अंतिम चातुर्मासिक प्रवचन के दौरान व्यक्त किये।जैन धर्म के साधु संतो की वर्षाकाल के दौरान केवल चार माह ही एक स्थान पर स्थिरता रहती है बाकी आठ माह वे एक स्थान पर न रहते हुये नंगे पैर विचरण करके विभिन्न स्थानो पर धर्मोपदेश देते रहते हैं।

इस बार प.पू.साध्वीवर्या नम्रव्रता श्रीजी, मग्नव्रता श्रीजी और मीतव्रता श्रीजी म.सा. का चातुर्मास 5 जुलाई से नगर के श्री महावीर स्वामी श्वेताम्बर मंदिर गंज के उपाश्रय में प्रारंभ हुआ था जो कार्तिक पूर्णिमा को दिनांक 05 अक्टूबर को पूर्ण हुआ और साध्वीवर्या का चातुर्मास परिवर्तन प्रेमचंद बागमल वेदमुथा परिवार के सुपुत्र तरूण चतरमुथा के गल चौराहा स्थित नव निर्मित निवास पर करवाया गया था और उसके अगले दिन साध्वीवर्या का नगर से विहार जैन श्वेताम्बर भक्ताम्बर तीर्थ की ओर हुआ।प्रवक्ता अतुल सुराणा नें बताया कि इस बार का चातुर्मास ऐतिहासिक रहा। चातुर्मास समिति का दायित्व अध्यक्ष दंपत्ति देशचंद वोहरा एवं श्रीमती भावना वोहरा ने संभाला तथा समिति के कंधे से कंधा मिलाकर श्रीसंघ अध्यक्ष पवन सुराणा, गंज मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष नगीन वोहरा एडवोकेट, प्रदीप धाड़ीवाल, प्रताप चतरमुथा, पवन श्रीश्रीमाल, मनोज ललवानी, अतुल सुराणा, पराग धाड़ीवाल आदि नें सभी समाजजनो के साथ सहयोग प्रदान किया।

साध्वी मण्डल की विदाई का दृश्य अत्यंत भावविभोर करने वाला रहा। प्रातः ठीक 6.30 बजे साध्वीमण्डल का प्रस्थान वेदमुथा निवास से हुआ और पहला पड़ाव दिगंबर जैन समाज द्वारा निर्मित संत निवास रहा जो इंदौर की ओर 7 किलोमीटर दूर स्थित है। साध्वीमण्डल को विदाई देने सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालु जयकारे लगाते हुये उनके साथ पहले पड़ाव पर पहुंचे जिसमें महिलाओं की संख्या अधिक थी। सभी के स्मृति पटल पर इस चातुर्मास की सुखद स्मृतियां और अनुभव जीवंत हो उठे। साध्वीमण्डल के वियोग नें सभी को भावुक कर दिया और सभी की आंखे नम हो गई। साध्वीमण्डल के सरल स्वभाव, धर्म के प्रति अनुराग और ज्ञान नें सभी को चुबंक की भांति उनकी ओर खींचा था और जब वे ही आज बिछड़ रहे थे तो उनकी विरह वेदना सभी के लिये असहनीय हो उठी परंतु इसी राग और मोह से बचने के लिये ही प्रभु महावीर के नियमानुसार संत एक स्थान पर लंबे समय तक नहीं ठहरते हैं और इसी नियमानुसार सभी समाजजनो द्वारा साध्वीमण्डल की शिक्षाओं और उपदेशो को हृदय में धारण करने का संकल्प लेते हुये आज उनकी नगर से विदाई इसी भावना के साथ सम्पन्न हुई कि जब भी सुयोग होगा वे पुनः नगरवासियों को धर्ममार्ग प्रशस्त करने हेतु अवश्य पधारेगें।

# प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव में शामिल हुए विधायक



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

सर्व सिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ कुमारिकावन बिजानाधाम शाजापुर में भव्य प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव, मूर्ति स्थापना, पूर्णाहुति कार्यक्रम में सम्मिलित होने आष्टा विधायक बीजानाधाम पहुचे ओर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल हुए। आयोजित उक्त कार्यक्रम में पूज्य संत लोकेशानन्द महाराज, उत्तम महाराज, टीकोन धाम वाले गुरुजी, नीम करोरी बाबा के शिष्य रबिन्द्र जोशी रब्बू गुरुजी, कैलाश गुरुजी, अशोक कैथवास मप्र शासन के मंत्री गौतम टेटवाल मंत्री, अरुण भीमावद विधायक शाजापुर, वरिष्ठ भाजपा नेता तपन भौमिक सहित बड़ी संख्या में धर्म प्रेमी नागरिक उपस्तिथ रहे।

### गुरु प्रभु प्रेमी भक्त मंडली अध्यक्ष बनी विजय लक्ष्मी



**आष्टा।** सदैव अग्रणी रहने वाली विजयलक्ष्मी उपाध्याय को फिर एक नई जिम्मेदारी मिली। विजयलक्ष्मी उपाध्याय ने सामाज में भी कई अच्छे कार्य करवाये हैं। कई राष्ट्रीय पदों पर भी है। हर कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर उन्होंने हिस्सा लिया है। राष्ट्रीय प्रांतीय हर एक पद को अच्छे से निभाया है। अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन की भी अध्यक्ष रही है। अखंड ब्राह्मण समाज की भी गत चार सालों तक अध्यक्ष रही हैं। ह्यूमन राइट संस्था की राष्ट्रीय अध्यक्ष पद पर रही है। वर्तमान में अंतर्राष्ट्रीय ब्राह्मण महासंघ की राष्ट्रीय संरक्षक भी है। अखिल भारती मारवाड़ी महिला सम्मेलन की प्रांतीय कार्यकारिणी में भी है। विजयलक्ष्मी उपाध्याय को कई सामाजिक संगठन ने बधाई प्रेषित की। बधाई प्रेषित करने वालों में अंतर्राष्ट्रीय ब्राह्मण महासंघअखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन गुरु प्रभु प्रेमी भक्त मंडलीअखंड ब्राह्मण समाज शामिल है।

# मॉडर्न स्कूल के छात्र-छात्राओं का 29वां जिला स्तरीय युवा उत्सव प्रतियोगिता के लिए चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



नगर की अशासकीय संस्था मॉडर्न पब्लिक हा.से. स्कूल के छात्र/छात्राओं का 29वां जिला स्तरीय युवा उत्सव प्रतियोगिता सीहोर मे आयोजित हुई। जिसमें संस्था के होनहार छात्र/छात्राओ का चयन हुआ। संस्था के छात्र/छात्राओं द्वारा रोबोटीक और सेन्सर बेस्ड चलित मॉडल बनाये गये। जिसमें प्रथम पुरस्कार छात्र आर्यन परमार को मॉडल एज डिटेक्टर रोबोट्स के लिए प्राप्त हुआ, द्वितीय पुरस्कार छात्र यष सेन को मॉडल हूमन फोलोविंग रोबोट के लिए प्राप्त हुआ व तृतीय पुरस्कार छात्र रोनक मेवाड़ा को मॉडल स्मार्ट सेन्सर गोगल्स (चस्मा) के लिए प्राप्त हुआ। छात्र/छात्राओं की इस उपलब्धि पर संचालक मण्डल के सभी सदस्यो व सभी षिक्षकों द्वारा षुभकामनाओं के साथ उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उपस्थित संचालक मंडल व शाला परिवार के मार्ग दर्शक एस.एल. परमार, केएल परमार, बीएस ठाकुर एवं समिति अध्यक्ष अभिषेक परमार, प्राचार्य शैलेन्द्र सिंह ठाकुर, उपप्राचार्य विकास चौरसिया, बीएल मालवीय, रवि पाठक, राजेश बड़ोदिया, रजत धारवा, संदीप ठाकुर, निर्मला सारसिया, करिश्मा चौपड़ा, अंजली चौरसिया, अंजु नावड़े, नीता सक्सेना, ईशा जैन, पायल ठाकुर, पूजा ठाकुर सना अली, अपेक्षा पेरवाल, तेजू मेवाड़ा, विधि चौहान, आयुषी जैन, लक्ष्मी चौरसिया, ज्योति राजपूत आदि ने बच्चो के उज्जवल भविष्य की कामना की।

# स्वास्थ्य शिविर में जांची ग्रामीणों की सेहत, किसानों को दी जानकारियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ खाचरोद




बुधवार को श्री बालाजी फिलिंग स्टेशन भारत पैट्रोलियम खाचरोद द्वारा स्वास्थ्य शिविर कैंप लगाया गया। जिसमें किसान भाइयों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। जिसमें ब्लड प्रेशर, शुगर व खून की जांच की गई। जिसमें 20 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

स्वास्थ शिविर के दौरान बीपीसीएल कंपनी द्वारा जो स्कीम चलाई जा रही है उनके बारे में किसानों को जानकारी दी गई। श्री सागर ट्रेडर्स के प्रॉपर राइडर द्वारा बताया गया कि कौन सी दवाई फसल के लिए फायदेमंद है जिसे डालने से फसल को बीमारियों से बचाया जा सके। वही बीज भंडार के व्यापारियों द्वारा बताया गया कि उत्तम किस्म का बीज बोन से हमें कई प्रकार के फायदे होते हैं और इस कंपनी द्वारा किसानों को कम ब्याज पर किसानों को क्रेडिट कार्ड लोन संबंधित सभी जानकारियां दी गई। इस मौके पर श्री बालाजी फिलिंग स्टेशन संचालक नारायण जाट ग्राम के सरपंच शंकर पटेल जाट सभी डॉक्टर और किसान उपस्थित थे।

# स्वामी अवधेशानंद के प्राकटोत्सव में आए भजन गायक का किया स्वागत



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

अनंत विभूषित जूना पीठाधीशवर आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद महाराज के प्राकटोत्सव पर आयोजित कार्यक्रम में विप्र वैदिक मंडल द्वारा कार्यक्रम में स्वामी अवधेशनंद के चित्र के समक्ष पादुका पूजन किया।

साथ ही इन्दौर से पधारे सुप्रसिद्ध भजन गायक (ये चमक-ये दमक) पं. सुधीर व्यास जी का आष्टा विप्र वैदिक मंडल के द्वारा पुष्पमाला पहनाकर व साफी श्रीफल भेंट कर सम्मान किया। मंच पर उपस्थित पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष कैलाश परमार का भी स्वागत किया गया। इस अवसर पर विप्र वैदिक मंडल के संस्थापक पं. रामभरोस शर्मा, पं. गजेन्द्र शास्त्री, मंडल अध्यक्ष पं. मनीष पंडया, उपाध्यक्ष पं. राजेश शर्मा, पूर्व अध्यक्ष व मीडिया प्रभारी रघुनन्दन शर्मा सहित विप्र वैदिक मंडल के सभी सदस्य उपस्थित थे।

# प्रेस वार्ता में भाजपा नेता पर खड़े किए सवाल, बताई संदिग्ध भूमिका

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

नवरात्री पर्व पर 29 सितंबर को आष्टा के खेड़ापति तालाब पर बने मंदिर पर अज्ञात असामाजिक तत्वों ने मरी मछली फेंककर एक तरफ जहां मंदिर की पवित्रता को भंग कर सनातन धर्म प्रेमियों की आस्था को गहरी चोट पहुंचाई थी। तो वहीं दूसरी और शांत शहर की फिजा बिगाड़ कर सांप्रदायिक माहौल खराब करने का प्रयास किया गया था। ऐसे में पुलिस ने शहर के हिन्दू समाज के आक्रोश पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ तत्काल मामला दर्ज कर लिया था। लेकिन एक माह बाद भी पुलिस आरोपियों को पकड़ने में सफल नहीं हो पाई है। ऐसे में पत्रकार कमल पांचाल ने सीहोर में प्रेस वार्ता कर मामले की जांच एसआईटी से करवाने की मांग उठाई है वही पूरे मामले पर आष्टा के भाजपा नेता कालू भट्ट की भूमिका पर भी सवाल खड़े किए हैं। प्रेस वार्ता में पत्रकार कमल पांचाल ने कहा कि 26 अक्टूबर को राम मंदिर के विषय पर प्रकाशित की गई खबर से बौखला कर भाजपा नेता कालू भट्ट ने फेसबुक पर व्यक्तिगत अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए आपत्तिजनक पोस्ट की जिसके बाद दिन भर सोशल मीडिया पर विवाद चलता रहा।

### कॉल रिकॉर्डिंग, शख्स को डराया

कमल पांचाल ने बताया कि मेरे पास कॉल आता है और मुझे सहयोग करने की बात कहता और यह शख्स मुझे आष्टा के खेड़ापति तालाब पर माता मंदिर में हुए मछली कांड के आरोपियों के बारे में बताता है जिसके बाद में अपने मोबाइल को रिकॉर्डिंग मोड पर डालकर उक्त गंभीर बातों को रिकॉर्ड किया। शाम को कालू भट्ट से विवाद होने के बाद पुलिस थाने में मोबाइल जब्ती के डर की संभावना से उक्त रिकॉर्डिंग को मेरे व्हाट्स एप ग्रुप में वायरल कर दिया। वहीं इसके बाद मेरे घर आने के बाद देर रात्रि में उक्त शख्स का कॉल आता है घबराई आवाज में कहता है आपके द्वारा रिकॉर्डिंग वायरल करने पर उस पर दबाव बनाया जा रहा है तब में उक्त शख्स से बिना किसी दबाव के बिना घबराए सुबह बात करने की। जब उक्त शख्स को सुबह कॉल किया तो मोबाइल नहीं उठाया।



### पुलिस प्रशासन पर दबाव!

कमल पांचाल ने पत्रकारों को बताया की भाजपा नेता कालू भट्ट हमेशा विवादों में रहते हैं और आए दिन अपने फेसबुक पेज पर विवादित पोस्ट करते हैं कभी किसी वर्ग विशेष के खिलाफ लिखते हैं तो कभी पुलिस, प्रशासन के खिलाफ लिखते हैं जिससे कालू भट्ट पर पुलिस प्रशासन की कोई लगाम दिखाई नहीं देती है वही कालू भट्ट मध्यप्रदेश सरकार के मंत्री के करीबी होने का दावा करते हैं जिससे पुलिस प्रशासन पर राजनीतिक दबाव से इंकार नहीं किया जा सकता है। यही कारण है की घटना के 1 माह बाद भी तीन तीन लिखित ज्ञापन, आवेदनों के बाद मछली कांड के आरोपी शहर की अमन, शांति पसंद जनता के सामने नहीं आ पाए है।

### परिवार की जान को खतरा

मामला सनातन धर्म की आस्था और शहर की शांति से जुदा है इसलिए मध्यप्रदेश के डीजीपी से इस मछली कांड को विशेष जांच दल SIT (स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम)से करवाने के लिए भी मांग पत्र सौंपेगे कमल पांचाल। वही उक्त मामले में कमल पांचाल ने उनके परिवार और उक्त शख्स भेरूसिंह चौहान जो रिकॉर्डिंग में मछली कांड का जिक्र कर रहा है उसकी जान को भी खतरा बताया है क्योंकि वह शख्स पूरे मामले की अहम कड़ी है इसलिए प्रेस वार्ता के माध्यम से कमल पांचाल ने दोनों परिवारों को सुरक्षा प्रदान की भी मांग की है। मामले में हिउस अध्यक्ष कालू भट्ट ने बताया कि खोखर माता मंदिर पर जो घटना हुई है, उसमें आसामजिक तत्वों का हाथ है। आरोप सभी बेबुनियाद है, मैंने स्वयं भी इस मामले की पुलिस प्रशासन से शिकायत की है, एफआईआर दर्ज कराई है। मामले की निष्पक्ष जांच होना चाहिए।

### कार्तिक पूर्णिमा पर प्रभु प्रेमी संघ ने मनाया पाटोत्सव महोत्सव

# पंडित सुधीर व्यास ने देर रात तक सुमधुर भजनों की दी प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



प्रभु प्रेमी संघ द्वारा स्वामी अवधेशानंद गिरि जी महाराज का जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर संघ द्वारा भजन संध्या का आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ों श्रद्धालु भक्त शामिल हुए। सुप्रसिद्ध भजन गायक पं. सुधीर व्यास ने कार्यक्रम में भजनों की शानदार प्रस्तुति देकर माहौल को भक्तिमय बना दिया। ये चमक ये दमक फुलवन मा महक' भजन से सबके दिलों में अपनी ख़ास पहचान बनाने वाले पंडित.सुधीर व्यास ने अपनी आष्टा यात्रा के दौरान कार्तिक के पावन मास में स्थानीय गोकुल धाम में एक से बढ़कर एक भजनो की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में पंडित व्यास ने मीरा, राधा से सम्बंधित कृष्णा भजनो को भी अपने अनूठे अंदाज में प्रस्तुत किया। अपने सबसे लोकप्रिय भजन ये चमक ये दमक फुलवन में महक सबकुछ सरकार तुमहि से है को पंडित व्यास ने सबसे आखिर में सुनाया जिसे सेकड़ो की संख्या में उपस्थित श्रद्धलुजनो ने खड़े होकर व हाथ जोड़कर भक्ति भाव से सुना वही बड़ी संख्या में उपस्थित युवा वर्ग ने अपने मोबाइल की मेमोरी में उस पल को न केवल कैद दिया बल्कि उस एहसास को उन्होंने जिया भी ! आयोजन स्थल को सुंदर तरीके से फूलों और गुब्बारों से सजाया गया था। संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि ऐसे धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं और नई पीढ़ी को आध्यात्मिकता से जोड़ते हैं। कार्यक्रम में स्थानीय नागरिकों, भक्तों एवं अनेक गणमान्य अतिथियों की सहभागिता रही।

आयोजित हुए कार्यक्रम का शुभारम्भ स्वामी अवधेशानंद गिरी जी महाराज की पादुका पूजन व द्वीप प्रज्वलन कर किया गया कार्यक्रम में प्रसिद्ध भजन गायक श्री राम श्रीवादी ने गुरु भक्ति पर अपनी प्रस्तुति दी श्री धाम सरकार बापचा, पंडित सुधीर व्यास व विधायक गोपाल सिंह, जिला पंचायत सदस्य कमल चौहान का स्वागत प्रभू प्रेमी संघ के अध्यक्ष सुरेश पालीवाल, महामंत्री प्रदीप प्रगति ने किया। उपस्थित जनो का स्वागत व सत्कार लाभार्थी परिवार राजकुमार साहू, जीतेन्द्र साहू, राम साहू, श्याम साहू द्वारा किया। कार्यक्रम का संचालन गोविन्द शर्मा ने किया। उपस्थित जनो का आभार प्रभु प्रेमी संघ के संयोजक कैलाश परमार द्वारा व्यक्त किया। कार्यक्रम के अंत में आरती सम्पादित कर प्रसादी का वितरण किया गया।

### ग्रामीणों ने बचाई हिरण की जान



**दोराहा/अहमदपुर।** गुंदी ग्राम में मानवता और वन्यजीवों के प्रति संवेदनशीलता का एक अनूठा उदाहरण सामने आया है, जहाँ ग्रामीण किसानों ने अपनी जान जोखिम में डालकर कुत्तों के हमले से एक हिरण के बच्चे की जान बचाई। जानकारी के अनुसार मंगलवार को गुंदी गांव के किसान बाला प्रसाद मीणा व परिवार के ग्रामीणों ने अपने खेतों पर काम कर रहे थे। तभी उन्होंने कुछ आवारा कुत्तों को एक छोटे हिरण के बच्चे का पीछा करते हुए देखा। कुत्तों ने हिरण के बच्चे को घेर लिया और हमला कर उसे बुरी तरह घायल कर दिया। यह देख किसानों ने बिना देर किए शोर मचाते हुए कुत्तों की ओर दौड़ लगाई। किसानों के साहस और सूझबूझ से कुत्ते वहां से भाग खड़े हुए। घायल हिरण के बच्चे को किसानों ने तुरंत अपने कब्जे में लिया। किसानों ने मिलकर घायल हिरण को प्राथमिक उपचार दिया। हरिभूमि संवाददाता बसीम उददीन ने तत्काल अहमदपुर वन विभाग में पदस्थ नाकेदार तेज सिंह पच्चीसीया को इस पूरे मामले की जानकारी दी, नाकेदार तेज सिंह अपने सहयोगी के साथ घटनास्थल पर पहुंचे , और हिरण के बच्चे को अपने साथ अहमदपुर वन विभाग ले आए नाकेदार तेज सिंह ने बताया कि हम हिरण के बच्चे को अपने साथ ले आए हैं और उसका उपचार करा रहे हैं।